

# सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## शिक्षक अभिभावक परिषद समागम

**कार्यक्रम प्रतिवेदन** **दिनाँक: 14.10.23**

आज दिनाँक 14.10.2023 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक परिषद की एक बैठक सम्पन्न हुई । इस बैठक में सत्र 2023-24 हेतु अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी का गठन किया गया ।

इस बैठक में श्री अरविन्द सिंह परमार अध्यक्ष , श्री सुखदेव सिंह चंदी उपाध्यक्ष तथा श्रीमती संगीता ठाकुर उप मंत्री पद हेतु चुने गए । श्रीमती प्रवाचना , श्रीमती मनजीत कौर , श्री विपिन गुप्ता , श्रीमती सिमरन कौर , श्रीमती दुर्गावती सिंह , श्रीमती सीमा मैथिल और मोहम्मद असग़र कार्यकारिणी के सदस्य पद हेतु मनोनीत किए गए । प्रोफ़ेसर रवीन्द्र कुमार सैनी को अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी का सचिव नियुक्त किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. पन्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों से दैनिक रूप से महाविद्यालय के पठन-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी लेते रहें । विद्यार्थियों को किसी भी तरह की कोई भी समस्या होने पर हम उसका समाधान करने को तत्पर हैं । हमारा महाविद्यालय प्रदेश के माडल कॉलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है । शिक्षक और अभिभावक मिलकर कार्य करते हुए ही इस महाविद्यालय को माडल कॉलेज के रूप में सफल बनाने में सक्षम हो सकेंगे । प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों से यह अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों निर्धारित ड्रेस में महाविद्यालय भेजें । कोई भी समस्या होने पर अभिभावक सीधे सम्बन्धित विषय के प्राध्यापक अथवा प्राचार्य से सम्पर्क करें ।

अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री अरविन्द सिंह परमार ने कहा कि इस परिषद की बैठक मासिक रूप से होनी चाहिए ताकि इसके माध्यम से महाविद्यालय की गतिविधियों तथा समस्याओं के बारे में जानकारी मिलती रहे । आपने छात्राओं के आवागमन के लिए

Ravindra

# सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

महाविद्यालय स्तर पर परिवहन के साधन की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया । परिषद के उपाध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह चंदी ने कहा कि इस मंच के हम मिलजुलकर महाविद्यालय और विद्यार्थियों की समस्याओं का बेहतर ढंग से समाधान कर सकते हैं ।

अभिभावक शिक्षक परिषद की इस बैठक में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफ़ेसर पी.एन.तिवारी , प्रोफ़ेसर पी.सी.सुयाल , प्रोफ़ेसर हरीश चन्द्र, प्रोफ़ेसर पूनम रौतेला , प्रोफ़ेसर हेमलता सैनी , डॉ. अपर्णा सिंह , डॉ.आशीष गुप्ता , डॉ. वक़ार हसन खान , डॉ.राजेश कुमार , डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ.रूमा शाह , डॉ. निर्मला जोशी , डॉ. इन्दुशेखर ममगाईं , डॉ. रंजीता जौहरी , डॉ. मनोज कुमार , डॉ. चन्द्रपाल , डॉ. राघवेंद्र मिश्रा , डॉ. राजेश कुमार सिंह तथा अभिभावक उपस्थित रहे ।

Ravindra 14/10/2023

प्राचार्य

(डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी)
संयोजक
अभिभावक शिक्षक परिषद
स.भ.सिं.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर


अभिभावक शिक्षक परिषद गठन
सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर
अभिभावक शिक्षक परिषद्
PARENT TEACHER
ASSOCIATION






अभिभावक शिक्षक परिषद्




अभिभावक शिक्षक परिषद्

## दैनिक जागरण 15.10.2023

### शिक्षक परिषद कार्यकारिणी के अरविंद अध्यक्ष



रुद्रपुर एसबीएस डिग्री कालेज में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य। जागरण

जागरण, रुद्रपुर : सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक परिषद की बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। अरविंद सिंह परमार अध्यक्ष, सुखदेव सिंह चंदी उपाध्यक्ष तथा संगीता ठाकुर उप मंत्री चुने गए। प्रद्युम्न, मनजीत कौर, विपिन गुप्ता, सिमरन कौर, दुर्गावती सिंह, सीमा मैथिल और मोहम्मद असगर कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत किए गए। प्रो. रविंद्र सैनी को अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी का सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. डीसी पंत, पीसी सुयाल, हरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## अमर उजाला 15.10.2023

### अरविंद अध्यक्ष, सुखदेव बने उपाध्यक्ष



रुद्रपुर। एसबीएस डिग्री कॉलेज में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि अभिभावकों को रोजाना अपने बच्चों की पढ़ाई का आकलन करना चाहिए। बैठक में अरविंद सिंह परमार को परिषद का अध्यक्ष, सुखदेव सिंह चंदी को उपाध्यक्ष, संगीता ठाकुर उप मंत्री, प्रद्युम्न, मनजीत कौर, विपिन गुप्ता, सिमरन कौर, दुर्गावती सिंह, सीमा मैथिल और मो. असगर को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। डॉ. रविंद्र कुमार सैनी को सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों के लिए कॉलेज स्तर पर परिवहन की व्यवस्था का इंतजाम करना चाहिए। बैठक में प्राध्यापक पीएन तिवारी, पीसी सुयाल, हरीश चंद्र, पूनम रौतेला, हेमलता सैनी, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. मकसूद हसन खान आदि मौजूद रहे। संवाद

उत्तरउजाला • दिनांक 13.10.23

### अभिभावक शिक्षक परिषद की कार्यकारिणी गठित



## उत्तराँचल दर्पण 15.10.2023

### एसबीएस में अभिभावक शिक्षक परिषद का गठन

परमार अध्यक्ष व चंदी उपाध्यक्ष निर्वाचित

